**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 20 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित साप्ताहिक योग शिविर (14–20जून2022), के राष्ट्रीय सेवा योजना दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के तत्वाधान में आज दिनांक 20 जून 2022 को प्रातः 10:00 बजे योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योगाचार्य डॉ विनय मल्ल ने योग के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा योग के कई योगासन , प्राणायाम, सूर्य नमस्कार योग का अभ्यास करवाया । कार्यक्रम में आए योगाचार्य राजशेखर यादव ने योग के होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज वर्तमान समय में अनेको प्रकार की नई नई बिमारी आती रह रही है। इससे बचे रहने एक मात्र उपाय योग ही है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ जितेंद्र कुमार ने योग के महत्व तथा उससे होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि करे योग रहे निरोग। कार्यक्रम संयोजक डॉ जितेंद्र कुमार ने योगाचार्य , डॉ विनय मल्ल और श्री राजशेखर यादव को धन्यवाद दिया तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ केशव सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उनको बहुत बहुत आभार तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं विशेष रूप से कार्यक्रम अधिकारी डा महेन्द्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वयं सेवक ध्सेविकाओं तथा अन्य उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ स्वयंसेवक कमलेश यादव, अतुल कुमार, सौम्या यादव, कुलसुम जहा, प्रेमलता यादव, वैष्णवी यादव, संजय कुमार, साहिल,अंगद शर्मा, आकांक्षा, अंकिता कुमारी आदि स्वयंसेवक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur